# जय जय जय उल्टे हनुमान | By Pawan Choudhary |

श्रीराम श्रीराम
श्रीराम श्रीराम

लंगोट लाल धारी
तेरा सोटा बलशाली
हे केसरी नंदन
तेरी लीला मतवाली
जय हो बाबा दया निधान
जय जय जय उल्टे हनुमान

मां अंजनी के लाल चले
करने फिर से कमाल चले
राम लखन को छुड़ाने चले
हनुमान पाताल चले
राम लखन को छुड़ाया
कर के पाताल विजयी
उल्टे हनुमान कहाए
बजरंगी तेरी जय
अहिरावण का इक पल में
मिटाया अभिमान
जय हो बाबा दया निधान
जय जय जय उल्टे हनुमान

चलते हैं आंधी तूफान जहां
हो जाता सब वीरान वहां
होता नहीं नुकसान वहां
बैठे हैं मेरे हनुमान जहां
राम का नाम मन के पास रखो तुम
बजरंगी पे विश्वास रखो तुम
संकट सब मिटाते हैं बाबा कृपा निधान
महाबली हे देव महान
जय जय जय उल्टे हनुमान
जय हो बाबा दया निधान
जय जय जय उल्टे हनुमान

राम लखन मां सीता की
तुमने हर विपदा टाली
राम की महिमा बताने को
तुमने लंका जला डाली
बढ़ता है जब दुश्मन को
सोटा हनुमान का
खेल खत्म है उसके
पूरे अभिमान का
काम तुम जयंत के
बनाते हो आसान
विद्यावान बड़े बलवान
जय जय जय उल्टे हनुमान

जय हो बाबा दया निधान
जय जय जय उल्टे हनुमान

लंगोट लाल धारी
तेरा सोटा बलशाली
हे केसरी नंदन
तेरी लीला मतवाली
जय हो बाबा दया निधान
जय जय जय उल्टे हनुमान

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%89%e0%a4%b2%e0%a5%8d%e0%a4%9f%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a8-by-pawan-choudhary/